भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.02.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 741 का उत्तर

सेलम और करूर के बीच रेललाइन का दोहरीकरण

741. श्री ए.के.पी. चिनराज:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सेलम और करूर के बीच रेललाइन दोहरीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) सेलम से करूर के बीच रेललाइन का दोहरीकरण का कार्य पूरा करने की समय-सीमा क्या है;
(ग) क्या रेलवे की यात्रियों की सुविधा के लिए करूर रेलवे जंक्शन पर स्काईवॉक में लिफ्ट लगाने की कोई योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

सेलम और करूर के बीच रेललाइन का दोहरीकरण के संबंध में दिनांक 07.02.2024 को लोक सभा में श्री ए.के.पी. चिनराज के अतारांकित प्रश्न सं. 741 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): सेलम-करूर-दिंडुक्कल के बीच दोहरीकरण के लिए सर्वेक्षण पूरा हो गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होने और उसके परिणामों की पुष्टि किए जाने के बाद ही परियोजना पर आगे विचार किया जा सकता है।

(ग) और (घ): करूर जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म (पीएफ)-1, पीएफ-2 एवं 3 और पीएफ-4 तथा 5 प्रत्येक पर एक-एक कुल 03 लिफ्ट स्वीकृत की गई हैं।

****

s.k